बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 105 दिनांक 6/8/08

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

+++

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

+++

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

सेवा में,
श्री डी0एन0 गौतम, भा0 आ0 से0,
पुलिस महानिदेशक,
बिहार, पटना।

विषयः–**बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की हत्या के मामलें में त्वरित एवं कारगर कार्रवाई करनें के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत होंगे कि बिहार प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों की निर्मम हत्या दस दिनों के अन्दर हो जाने से जहा एक ओर राज्य के प्रशासन की छवि पर असर पड़ा है, वहीं दूसरी ओर बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है।

दिनांक–28.06.08 को संघ के प्रतिनिधि मंडल का मुख्यमंत्री से वार्ता हुई थी। सरकार की ओर से संघ को आश्वस्त किया गया था कि भविष्य में पूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था की जायगी। साथ ही हत्यारे को अविलम्ब पकड़कर स्पीडी ट्राईल के माध्यम से कराया जायेगा।

भविष्य की सुरक्षा को निमित गृह विभाग से निर्गत प्रपत्र ज्ञापांक 8117 दिनांक–01.08.08 के द्वारा सभी अंचलों में रेगुलर पुलिस को अविलम्ब पदस्थापित करने का निदेश निर्गत किया गया है (परिपत्र की प्रति संलग्न), है।

हुई दोनों नृशंस हत्याओं में पुलिस के अनुसंधान से संघ संतुष्ट नहीं है। आपके आरक्षी महानिदेशक के पद का प्रभार लेने से बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को एक आशा बनी है कि अब अपराधी बच नहीं पायेंगे । वैसे भी पुलिस और मैजिस्ट्रेयसी का संबंध ऐसा है जिसके लिए पुलिस महकमा से बिना मांगे मदद मिलनी चाहिए।

आप अवगत होंगे कि शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वर्गीय अरविन्द कुमार मिश्र की निर्मम हत्या दिनांक–22.06.08 को हो गयी तथा मुख्य हत्यारा जो आपराधिक चरित्र का व्यक्ति है, उसे प्रशासन अभी तक पकड़ नहीं पायी है। जप्ती–कुर्की की कार्रवाई कहीं–न–कहीं असफलता ढ़कने का एक प्रयास है।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.................................. दिनांक ....

अध्यक्ष

अरूण चन्द्र मिश्र

(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष

* शम्भु नाथ मिश्र

(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद

(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव

सुशील कुमार

(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार

(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार

(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह

(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर

(M) 9431407901
(O) 9334387555

जिला मुख्यालय में मैजिस्ट्रेट की हत्या हो और मुख्य आरोपी पकड़ा नहीं जाय, संघ इससे क्षुब्ध है और आपके सामने इस मुद्दे को रखने के लिए बाध्य है।

पटना नगर निगम के सचिव सैयद मंजरूल आलम के पत्नी के साथ उनकी हत्या दिनांक 02.07.08 की रात्रि में फुलवारी शरीफ थाना के हारूण नगर कॉलोनी में हुई और आज तक उस मामले में मात्र मोबाईल चारों को पकड़ा गया है । संघ को पूर्ण विश्वास है कि दोषी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आये हैं ।

संघ की आपसे पूर्ण अपेक्षा है कि दोनों मामलें में दोषी शीध्र पकडे जायेंगे और दंडित होंगे। क्योंकि पूर्व में ऐसा मामला हमारे संघ के पदाधिकारियों के साथ हुआ है कि हत्या के बाद दोषी न्यायालय से बच गये।

अन्त में आपके कार्यालय से प्राप्त पत्रांक 5113 दिनांक 30–7–08 जिसके द्वारा स्वर्गीय अरविन्द कुमार मिश्र की हत्या पर पुलिस मुख्यालय में सम्वेदना व्यक्त की गयी है, संघ पुलिस मुख्यालय की भावना से अवगत है।

आपके सफल नेतृत्व से संघ की यह अपेक्षा है कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघके पदाधिकारियों के रक्षार्थ शिधातिशीध्र सुरक्षा हेतु अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति सरकार के निर्णय के अनुसार कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे साथ ही इन दोनों हत्यायों के अपराधी दंडित होंगे ।

विश्वासभाजन,

(signature) 6/8/08

(ए0 सी0 मिश्र)

अध्यक्ष